मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-267
09/08/2019

बकरीद पर्व को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

पटना 09 अगस्त 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बकरीद पर्व को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को एहतियात के तौर पर सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। संवेदनशील वायरल वीडियो को लेकर भी सतर्क रहने और इस संबंध में समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में भी सोशल मीडिया का अनुश्रवण एक टीम के माध्यम से कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का अंतिम सोमवार 12 अगस्त को ही है इसलिये विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था संधारित करने हेतु थाना, अनुमण्डल एवं जिला स्तर पर शांति समिति की बैठक अवश्य सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वे कल दिनांक 10.08.2019 को सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ इस संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर वस्तु स्थिति की समीक्षा कर लें।

बैठक में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक श्री जे0एस0 गंगवार, श्री जितेन्द्र कुमार एवं श्री अमित कुमार उपस्थित थे।

******